# अजमेर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

## वाल्मीकि समाज को भर्ती में प्राथमिकता देने की मांग, रैली निकालकर प्रदर्शन किया



सफाई कर्मचारियों ने गांधी भवन से नगर निगम तक रैली निकाली।

**अजमेर,** (कासं)। राज्य सरकार द्वारा निकाली गई सफाई कर्मचारियों की भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रही। कर्मचारियों ने एकजुटता का संदेश देते हुए गांधी भवन से नगर निगम तक रैली निकाली और निगम परिसर में प्रदर्शन किया। स्थाई और अस्थाई सफाई कर्मचारियों द्वारा शहर में सफाई कार्य नहीं किया जाने से शहरभर के कचरा डिपो सहित प्रमुख बाजारों, चौराहों और कॉलोनियों के आसपास कचरे के ढेर लग गए। शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था के चलते आम जनता को परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार अजमेर नगर निगम के सभी सफाई कर्मचारी मंगलवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। सभी कर्मचारी नगर निगम में एकत्रित हुए और यहां से रैली के रूप में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गांधी भवन चौराहे पर पहुंचे और निगम कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। हड़ताल में ठेकेदारों के संविदा कर्मचारी, डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले कर्मी भी शामिल रहे। स्थाई व अस्थाई सफाई कर्मचारियों की

■ **कचरा नहीं उठने से शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ी, प्रमुख बाजारों सहित कॉलोनियों में कचरे के ढेर लगे**

हड़ताल के चलते शहर के प्रमुख बाजारों मदार गेट, आगरा गेट, दरगाह बाजार, नया बाजार, पुरानी मंडी, नला बाजार, डिग्गी बाजार, गंज डिपो, गांधी भवन चौराहा, वैशाली नगर, रामगंज, आदर्श नगर सहित शहरभर की विभिन्न कॉलोनियों, गली मोहल्लों में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए। कचरा नहीं उठने से व्यापारियों, राहगीरों, जायरीन व आमजन को परेशानी उठानी पड़ी।

सफाई भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता दिए जाने की मांग को लेकर सभी सफाई कर्मचारी हड़ताल पर है। कर्मचारियों ने मांग की कि जाति प्रमाण पत्र के आधार पर युवाओं को नौकरी दी जाए। हड़ताली कर्मचारियों ने शहर की होटलों, निजी संस्थाओं, निजी अस्पतालों में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों से भी हड़ताल में शामिल होने की अपील की है।

प्रदर्शनकारी कर्मचारी नेता व कर्मचारियों ने कहा कि निगम द्वारा शहर को 11 जोन में बांटकर सफाई का कार्य कराया जाता है। इस कार्य में 1476 स्थाई सफाई कर्मचारी, 2 हजार से अधिक अस्थाई सफाई कर्मचारी है। 350 कर्मचारी डोर टू डोर कचरा संग्रहण में लगे हुए हैं। करीब 300 टन कचरा प्रतिदिन निकलता है। 200 ऑटो टिपर के जरिए कचरा घरों से 350 कचरा डिपो तक और वहां से 25 ट्रॉली, 11 डंपर, 11 लोडर, 50 कंटेनर मशीन के जरिए माखुपुरा स्थित शहर के बाहर बने ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप डाला जाता है।

## पतंजलि की आदर्श योग क्लास का अवलोकन किया

**केकड़ी,** (निसं)। पतंजलि योग समिति के राजस्थान यज्ञ प्रभारी एवं अमेरिका में भारतीय सांस्कृतिक राजनयिक रहे आचार्य डॉ मोक्षराज आज केकड़ी प्रवास पर रहे। डॉ मोक्षराज ने आज सुबह सब्जी मंडी स्थित गांधी पार्क में संचालित पतंजलि की आदर्श योग क्लास का अवलोकन किया। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी जेपी सोनी ने बताया कि डॉ मोक्षराज के गांधी पार्क योग क्लास में आगमन पर उपस्थित योग साधको ने उनका दुपट्टा ओढाकर स्वागत किया। इस मौके पर डॉ मोक्षराज ने संबोधित करते हुए आज के दौर में दूषित खानपान से हर व्यक्ति प्रभावित हो रहा है जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती जा रही है और व्यक्ति रोगों से ग्रसित होता जा रहा है ऐसे में नियमित योग प्राणायाम करके खुद को स्वस्थ रखा जा सकता है उन्होंने अपने संबोधन में केकड़ी में योग शिक्षक जेपी सोनी के सानिध्य में संचालित योग कक्षा की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह योग क्लास इसलिए आदर्श योग क्लास है क्योंकि यहां आने वाले सभी महिला पुरुष योग साधक एक परिवार के सदस्यों की तरह एक दूसरे के सुख-दुख के भागीदार बनकर रहते हैं इसके अलावा पूरे अनुशासन के साथ यह योग क्लास संचालित होती है। उन्होंने सभी योग साधकों से अपील करते हुए कहा कि आर्य समाज के शताब्दी वर्ष पर आने 21 सितम्बर को 100 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

# हरित राजस्थान के तहत लगाए पौधे

**आसींद,** (निसं)। मंगलवार को कस्बे की नेगाड़िया रोड स्थित कैंब्रिज विद्यालय में छात्रों द्वारा हरित राजस्थान कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया।

कैंब्रिज विद्यालय के निदेशक दिनेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा राजकीय तथा गैर राजकीय विद्यालय में पौधारोपण की अनिवार्यता के अभियान तथा हरित राजस्थान कार्यक्रम के तहत विद्यालय में पौधारोपण किया गया तथा विद्यालय की बालिकाओं द्वारा इन पौधों के संरक्षण की शपथ ग्रहण की गई।

स्थानीय विद्यालय के अध्यापकों द्वारा पोधारोपण के महत्व को बताते हुए इसकी उपयोगिता की जानकारी दी। इस मौके पर कैंब्रिज विद्यालय के जमनालाल, बीएल साहू, गौरव शर्मा, सूरज पायक जगदीश, सबनम, आशा शर्मा, सलोनी जैन, मंजू, राहुल टेलर, अर्पित, अश्विनी, अन्य अध्यापक गण उपस्थित थे।


## कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक/न.पा.वि./नामा/2024/1954 दिनांक–29.7,24

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| फाइल नं. | आवेदनकर्ता का नाम | मूल आंवटी नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 125 | पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.–S-2 प्रा. प्लाट न. 03 | 123.83 SQ. Yards | आवासीय |
| 126 | पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 04 | 122.44 SQ. Yards | आवासीय |
| 127 | पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 11 | 111.56 SQ. Yards | आवासीय |
| 128 | पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 12 | 110.18 SQ. Yards | आवासीय |
| 129 | पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 17 | 105.90 SQ. Yards | आवासीय |
| 130 | पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 18 | 104.16 SQ. Yards | आवासीय |
| 131 | पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 25 | 88.65 SQ. Yards | आवासीय |
| 132 | पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 26 | 87.26 SQ. Yards | आवासीय |
| 133 | पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 33 | 77.43 SQ. Yards | आवासीय |
| 134 | पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 34 | 75.34 SQ. Yards | आवासीय |
| 135 | पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 42 | 101.84 SQ. Yards | आवासीय |
| 136 | पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 43 | 103.47 SQ. Yards | आवासीय |
| 137 | पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 08 | 104.16 SQ. Yards | आवासीय |
| 138 | पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 09 | 104.16 SQ. Yards | आवासीय |
| 139 | नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 01 | 124.30 SQ. Yards | आवासीय |
| 140 | नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 02 | 124.65 SQ. Yards | आवासीय |
| 141 | नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 09 | 111.93 SQ. Yards | आवासीय |
| 142 | नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 10 | 113.19 SQ. Yards | आवासीय |
| 143 | नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 15 | 109.02 SQ. Yards | आवासीय |
| 144 | नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 16 | 107.63 SQ. Yards | आवासीय |
| 145 | नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 21 | 95.01 SQ. Yards | आवासीय |
| 146 | नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 22 | 99.62 SQ. Yards | आवासीय |
| 147 | नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 29 | 83.09 SQ. Yards | आवासीय |
| 148 | नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 30 | 80.66 SQ. Yards | आवासीय |
| 149 | नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 40 | 93.16 SQ. Yards | आवासीय |
| 150 | नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 41 | 98.13 SQ. Yards | आवासीय |
| 151 | नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-3 प्रा. प्लाट न. 06 | 104.16 SQ. Yards | आवासीय |
| 152 | नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-3 प्रा. प्लाट न. 07 | 104.16 SQ. Yards | आवासीय |
| 153 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 19 | 101.38 SQ. Yards | आवासीय |
| 154 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 20 | 97.44 SQ. Yards | आवासीय |
| 155 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 23 | 91.88 SQ. Yards | आवासीय |
| 156 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 24 | 90.27 SQ. Yards | आवासीय |
| 157 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 27 | 86.45 SQ. Yards | आवासीय |
| 158 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 28 | 85.41 SQ. Yards | आवासीय |
| 159 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 31 | 79.62 SQ. Yards | आवासीय |
| 160 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 32 | 78.93 SQ. Yards | आवासीय |
| 161 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 35 | 73.61 SQ. Yards | आवासीय |
| 162 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 36 | 74.65 SQ. Yards | आवासीय |
| 163 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 37 | 78.82 SQ. Yards | आवासीय |
| 164 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड | 115.97 SQ. Yards | आवासीय |
| | आर्दश कुमार मानसिंहका | रघुनाथ सिंह मानसिंहका | विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 07 | | |
| 165 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 08 | 115.97 SQ. Yards | आवासीय |
| 166 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 13 | 109.72 SQ. Yards | आवासीय |
| 167 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 17 | 109.72 SQ. Yards | आवासीय |
| 168 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-1 प्रा. प्लाट न. 03 | 138.88 SQ. Yards | आवासीय |
| 169 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-1 प्रा. प्लाट न. 04 | 138.88 SQ. Yards | आवासीय |
| 170 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-3 प्रा. प्लाट न. 03 | 104.61 SQ. Yards | आवासीय |
| 171 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-3 प्रा. प्लाट न. 04 | 104.16 SQ. Yards | आवासीय |
| 172 | वेन्दात मानसिंहका पुत्र आर्दश कुमार मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-3 प्रा. प्लाट न. 05 | 104.16 SQ. Yards | आवासीय |
| 173 | यशवर्धन मानसिंहका पुत्र हर्ष मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-1 प्रा. प्लाट न. 01 | 168.33 SQ. Yards | आवासीय |
| 174 | यशवर्धन मानसिंहका पुत्र हर्ष मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-1 प्रा. प्लाट न. 02 | 138.88 SQ. Yards | आवासीय |
| 175 | यशवर्धन मानसिंहका पुत्र हर्ष मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 05 | 121.05 SQ. Yards | आवासीय |
| 176 | यशवर्धन मानसिंहका पुत्र हर्ष मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 06 | 118.27 SQ. Yards | आवासीय |
| 177 | यशवर्धन मानसिंहका पुत्र हर्ष मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 38 | 84.02 SQ. Yards | आवासीय |
| 178 | यशवर्धन मानसिंहका पुत्र हर्ष मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-2 प्रा. प्लाट न. 39 | 88.88 SQ. Yards | आवासीय |
| 179 | यशवर्धन मानसिंहका पुत्र हर्ष मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-3 प्रा. प्लाट न. 01 | 104.16 SQ. Yards | आवासीय |
| 180 | यशवर्धन मानसिंहका पुत्र हर्ष मानसिंहका | हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका | रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. S-3 प्रा. प्लाट न. 02 | 104.16 SQ. Yards | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बिजयनगर



## नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम SYED JAWAID CHISHTY से परिवर्तित कर SYED JAVED CHISHTY रख लिया है अतः भविष्य में मुझे सभी उद्देश्य अर्थ नए नाम से जाना पहचाना जाए। SYED JAVED CHISHTY, 167, सरदार मंजिल पीरों का चौक इमामबाड़ा, अजमेर



LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/93832 DATE:- 23-07-2024

## कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/4845 दिनांक: 30-07-2024

**सार्वजनिक सूचना**

श्रीमती सुशीला पत्नी श्री जालीम सिंह ने क्षेत्र नं. 6, गोपाल नगर फतेहपुरिया द्वितीय खसरा नं. 780 व 781 प्लाट नं. 24 क्षेत्रफल 166.66, वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री पुखराज पुत्र श्री बिरधी चन्द जांगिड के नाम दर्ज है। रजि. बेचान-नामा दिनांक 28.03.2007, वसीयत-नामा दिनांक 04.03.2015 रजि. बेचान-नामा दिनांक 27.05.2024 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर



LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/93250 DATE:- 18-07-2024

## कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/4876 दिनांक: 30-07-2024

**सार्वजनिक सूचना**

श्री देवी प्रकाश गहलोत पुत्र श्री बिरदी चन्द गहलोत ने क्षेत्र नं. 5. मुथा बोहरा कॉलोनी मकान 32 गली नं. 2. क्षेत्रफल 75.00, वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती कोया देवी पत्नी श्री सूरजमल चौहान के नाम दर्ज है। रजि. बेचान-नामा दिनांक 13.03.1995, 028.02.2024 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर


## श्री सीमेंट कर्मचारी संघ ने किया पौधारोपण

**ब्यावर,** (निसं)। मंगलवार भारतीय श्री सीमेंट कर्मचारी संघ द्वारा मंगलवार को विभिन्न स्कूलों में वृक्षारोपण करके पर्यावरण का संदेशदिया। महामंत्री शंकर सिंह रावत ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय भांडो का बाडिया, प्राथमिक विद्यालय ठाम श्योपुरा तथा सुहावा ठाम पंचायत के फतेहपुर-1 उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में वृक्षारोपण किया गया। नीम, गुलमोहर, शीशम, पीपल, बरगद, जामुन, अमरूद, आदि छायादार एवं फलदार पौधे लगाकर सभी विद्यार्थियों को अपने-अपने घर पर एक-एक पौधा लगाने हेतु प्रेरित किया।संरक्षक दिलीप सेन, अध्यक्ष मोहन सिंह, दिलीप टाँक, ने इस कार्यक्रम को लेकर भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति एवं पर्यावरण की जानकारी दी। इस मौके पर मोहनसिंह,शंकरसिंह, दिलीप सेन, दिलीप टॉक, अजीतसिंह, भगवानसिंह, सोहनसिंह, जगदीश बुला, फतेहपुर-1 प्रधानाचार्य विष्णु प्रकाश शर्मा, प्रदीप बुला, प्रकाश यादव, भांडा का बडिया प्रधानाचार्य चुन्नीलाल गहलोत, श्योपुर, देवमाली प्रधानाचार्य घनश्याम शर्मा,महेंद्रसिंह मौजूद रहे।

# अजमेर में हुई सिंधी फिल्म वरदान की शूटिंग पूरी

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर में सिन्धी फिल्म वरदान तीन की शूटिंग मंगलवार को पूरी हो गई। इस अवसर पर सिन्धी गीत संगीत की विख्यात सिन्धू ज्योति सेवा समिति के पदाधिकारियों ने उधानी फिल्मस अहमदाबाद के निर्माता निर्देशक नरेश उधानी, संत कंवरराम फिल्मस के निर्माता निर्देशक विजय शाहनी, अदाकारा पूनम गीतांजली, अनिता शिवनानी, मंधाराम भिरयानी, सिनेमाटाग्राफर अनिल वंजानी आदि का माल्यार्पण व श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान करके महासचिव राजू जोधानी, मीडिया प्रभारी रमेश लालवानी, प्रकाश छबलानी और हरीश आडवानी ने सम्मानित किया।

सिन्धी फिल्म वरदान तीन की शूटिंग के पूर्ण होने के अवसर पर निर्देशक नरेश उधानी और विजय शाहनी ने सिन्धु ज्योति सेवा समिति का शूटिंग में संत कंवरराम विद्यालय आशागंज में भगत कंवरराम के दृश्य, न्यू मैजेस्टिक पर विजय बेकर्स के दृश्य, नगीना बाग में सन्त दांदूराम साहिब दरबार में पूज्य झूलेलाल साहिब की विशाल प्रतिमा पर दृश्य, सतगुरू इन्टरनेशनल विद्यालय पृथ्वीराज नगर पंचशील में दृश्य, झूलेलाल साहिब के चालीहा के गीत संगीत के क्रास लेन होटल के कार्यक्रम में झूलेलाल पूजन व जीसिन्ध, सिन्ध वारा जिअन पर नृत्य आदि का फिल्मांकन किया गया है। कलाकार अनिता शिवनानी ने बताया कि वरदान तीन की शूटिंग का चालीस प्रतिशत भाग अजमेर व पुष्कर में लिया है। उदय अकादमी काउंसिल नागपुर के राजस्थान चैप्टर के महासचिव रमेश लालवानी, पूजा जयसिंधानी, सोनी लालवानी, सुरेश सिन्धी, तेजभान आसवानी, रश्मि महेश हिंगोरानी, छांगोमल आदि अतिथि के रूप में सम्मलित थे। फिल्म निर्माताओं ने सिन्धु ज्योति सेवा समिति का फिल्म की शूटिंग में सहयोग हेतु आभार जताया।

# एम.बी.सी. आरक्षण विधेयक को 9वीं सूची में शामिल करने की मांग

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने गुर्जर समाज की प्रमुख मांग एमबीसी आरक्षण विधेयक को संविधान की 9वीं सूची में शामिल करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने भाजपा के खिलाफ आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं ने गुर्जर समाज से सिर्फ वादा खिलाफी की और चुनावी फायदे उठाए, लेकिन गुर्जर समाज की मांग को अब तक लटकाए रखा है, जो गुर्जर समाज के साथ छलावा है।

पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने मंगलवार को एक प्रेस जारी बयान में कहा कि गुर्जर समाज ने वर्षों के संघर्ष और 73 भाइयों के बलिदान के बाद एमबीसी आरक्षण का अधिकार प्राप्त किया था, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने वर्षों से एमबीसी विधेयक को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल नहीं किया और इसे लटकाए रखा, जिसके कारण आज सुप्रीम कोर्ट में तलवार लटक गई हैं। पिछले 10 साल से भाजपा नेता एसबीसी व एमबीसी आरक्षण विधेयक को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करवाने का वादा कर लोकसभा चुनाव 2014, 2019, 2024 में वोट मांगते आ रहे हैं, लेकिन पर अभी तक एमबीसी आरक्षण विधेयक संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल नहीं करा पाए हैं।

उधर केंद्र की भाजपा सरकार से गुर्जर समाज लगातार संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल कराने की मांग करता आ रहा हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि गुर्जर समाज के युवाओं की बड़ी शहादत और देश के बड़े आंदोलनकारी क़ौम को भाजपा सरकार ने वोट बैंक समझा। राठौड़ ने कहा कि 22 फरवरी 2019 को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान विधानसभा से एमबीसी आरक्षण विधेयक पारित कराकर एवं संकल्प पत्र केन्द्र सरकार को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करवाने के लिए भेज दिया गया था। अब समय भाजपा सरकार को जगाने का समय आ गया है। इसलिए केंद्र सरकार से मेरी पुरजोर मांग है कि एमबीसी आरक्षण विधेयक को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल कराकर सुरक्षा प्रदान करे।


## कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ/24-25/भवन/346 दिनांक: 30/7/2024

**आपत्ति सूचना**

श्री विजय कुमार पुत्र श्री बाबूलाल निवासी 15/215 जवाहर नगर अजमेर डेयरी के पास खानुपरा अजमेर द्वारा एक सम्पति जिस पर ए.एम.सी. नं. 20/103 = 123 / 33 के पश्चिमी भाग है जो वाकै पन्नीग्राम चौक अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 34.56 व.मी. है भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं।

पूर्व - नजराना गेस्ट हाउस — पश्चिम - गली आम रास्ता है।

उत्तर - गनी चिश्ती की सम्पति — दक्षिण - विश्वनाथ की दुकान, दिलीप लालवानी की दुकान

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर



## कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ/24-25/भवन/347 दिनांक: 30/7/2024

**आपत्ति सूचना**

श्री गुरूमुखदास पुत्र स्व. दुल्हानोमल निवासी मं.न. 14 संतकवर राम कॉलोनी फायसागर रोड, अजमेर द्वारा एक सम्पति जिस पर ए.एम.सी. नं. 180 ( न्यू ) = 11/313 हाल 17/179 अंकित है जो वाकै फिदालियान गली के सामने पुरानी मण्डी अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 66.89 व.मी. है भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं।

पूर्व - अन्य की सम्पति — पश्चिम - 5 फुट चौडी गली बाद गली फिदालियान सरकारी स्कूल

उत्तर - अन्य की सम्पति — दक्षिण - नन्दलाल का मकान

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर



## कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक : न.पा.बि./निर्माण स्वी./2024/1957 दिनांक: 29.7.2024

**-: आम सूचना:-**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है। अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**भवन निर्माण**

| फाइल नं. | आवेदनकर्त्ता का नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | हस्तान्तरण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 59 | 1. गंगादेवी शर्मा पत्नि कैलाश चन्द शर्मा 2. हरलाल सिंह पुत्र गिरधारी सिंह | इन्दिरा नगर विजयनगर ब्रॉक नं. ई प्लाट नं. 15 का पूर्वी दिशा का हिस्सा | 92.90 SQ.MTS | आवासीय |
| 60 | सत्यनारायण गुर्जर पुत्र सोजीराम गूर्जर | रघुनाथ कॉलोनी विजयनगर ख.सं. 380 से 384 व 386 से 391 भू.सं. भू.सं. 205 | 111.48 SQ.MTS | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर


# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की तिथि बढ़ाने की मांग



ज्ञापन सौंपते हुए महासंघ के प्रतिनिधि मंडल के सदस्य।

**अजमेर,** (कासं)। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने मंगलवार को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अजमेर को केद्रीय परिवहन मंत्री निति गडकरी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम का ज्ञापन सौंपकर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ाने और परिवहन विभाग से समय पर कार्य पूर्ण करवाने की मांग की।

श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह और महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में प्रतिनिमध मंडल ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुमन भाटी को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री भजन लाल के नाम ज्ञापन सौंपकर बताया कि परिवहन मंत्रालय द्वारा 31 जुलाई तक सभी पुराने वाहनों पर भी हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाने के आदेश जारी किए गए हैं। जबकि हजारों की संख्या में अभी भी वाहन मालिको हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाने से वंचित है।

लालवानी ने बताया कि पिछले लगभग एक माह से क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी कार्यालय में संपर्क करने पर वाहन मालिकों को आनलाईन कार्य हेतु दस-पन्द्रह दिनों में प्राथमिक रूप से ही सम्पर्क करने की बात कहकर लौटाया जा रहा है, साथ ही जिन्होंने ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन आवेदन किया है उन्हें स्लाट की दिनांक अक्टूबर व नवम्बर माह की दी जा रही है, ऐसे में अन्तिम तिथि 31 जुलाई का क्या महत्व है। उन्होंने कहा कि आमजन की परेशानी को देखते हुए विभाग ऐसी तिथि निर्धारित करे जिस तिथि तक कार्य पूर्ण कर सकता हों।

बंसल व लालवानी ने आरटीओ भाटी को बताया कि परिवहन विभाग स्वतः ही समस्त वाहनों को आनलाईन पंजीकृत करे, जिससे आरसी परिवहन विभाग के पास उपलब्ध होने के बावजूद लोगों को अनावश्यक रूप से डीटीओ से संपर्क करके आवेदन लिखकर मार्क करवाने के लिए अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। संपर्क पोर्टल की शिकायतों की ओर अनेक माह तक कोई ध्यान नहीं दिया जाता है और न ही समस्या का समाधान करवाया जाता है।

**शिविर लगाकर दी जाए राहतः-** उन्होंने आरटीओ भाटी से मांग की कि विकलांगो, वरिष्ठ नागरिको, महिलाओ, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के लिए वाहन विक्रेताओ, डीलर्स के कार्यालयों में शिविर का आयोजन करवाकर समस्या का समधान कराया जाए। अजमेर में बंद हो गए वाहन डीलर के शोरूम तथा बंद होने वाले कंपनियों वाहनों के लिए अलग से व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि अजमेर सहित किशनगढ़, नागौर, नसीराबाद, विजयनगर के डीलरों के पास ऑनलाइन स्लाट आने वाले वाहन चालकों का उसी शहर में समाधान किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि आमजन की परेशानियों के मद्देनजर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट की अंतिम तिथि परिवहन विभाग की कार्यक्षमता के अनसुार 31 दिसम्बर करने की मांग की है। आरटीओ सुमन भाटी ने प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को आश्वासन दिया है कि उनकी मांग को केंद्र व राज्य सरकार को भेज दिया जाएगा, जो भी उचित होगा वो समाधान किया जाएगा।


## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

**परीक्षार्थियों के सूचनार्थ**

बोर्ड परीक्षा 2024 से सम्बन्धित जिन परीक्षार्थियों का परिणाम RWH/RL, अनुपस्थित से उपस्थित, संवीक्षा से परिणाम अथवा प्राप्तांकों में परिवर्तन हुआ है, ऐसे परीक्षार्थी बोर्ड की वेबसाईट http://www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध Link Result-2024 में Revised Result में अपना नामांक दर्ज कर संशोधित परिणाम /प्राप्तांक की जानकारी प्राप्त कर सकते है। संवीक्षा से सम्बन्धित परीक्षार्थियों, को उनके पंजीकृत मोबाईल नं. / ई-मेल पर भी सूचना भिजवाई जा रही है। जिन परीक्षार्थियों ने संवीक्षा हेतु आवेदन किया है, वे बोर्ड की उक्त वेबसाईट पर Scrutiny-2024 लिंक पर जाकर संवीक्षा परिणाम एवं वर्तमान Status की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

सचिव